ETV BHARAT
दिल्ली
Delhi

# ग्रेटर नोएडा में करीब 350 किलो नकली पनीर जब्त, FSDA टीम ने नष्ट कराया




**ग्रेटर नोएडा:** मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की. विभागीय टीम ने अलीगढ़ से एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई के लिए लाई जा रही करीब 350 किलोग्राम मिलावटी और दूषित पनीर की खेप पकड़ी. जांच के दौरान पनीर की गुणवत्ता बेहद खराब पाए जाने के बाद उसे मौके पर ही नियमानुसार नष्ट करा दिया गया. वहीं, पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/food-department-cracks-down-on-adulteration-in-greater-noida-350-kg-contaminated-paneer-destroyed-dls26082203812